स्मरण पत्र

राजस्थान सरकार

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।

क्रमांक : एफ26(ए / 18)प्रशा. / आकाशि / 2020 | 424 दिनांक :– 30.6.2020

समस्त प्राचार्य,
राजकीय महाविद्यालय / राजकीय विधि महाविद्यालय,
राजकीय कन्या महाविद्यालय

विषयः– वर्ष 2021 (02 जनवरी 2021 से दिसम्बर 2021) में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों / कर्मचारियों (प्राचार्य सहित) भी सूची भेजने बाबत्।

सन्दर्भः– आयुक्तालय के पूर्व पत्र क्रमांकः एफ क्रमांक : एफ26(ए / 18)प्रशा. / आकाशि / 2020 / 39 दिनांक 15.05.2020 के क्रम में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं संदर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि वर्ष 2021 (02 जनवरी 2021 से दिसम्बर 2021) में आपके महाविद्यालय / कार्यालय में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों / कर्मचारियों (प्राचार्य सहित) की सूचना अलग अलग (शैक्षणिक / अशैक्षणिक) प्रपत्र में भरकर इस कार्यालय को दिनांक 31.05.2020 तक ईमेल आईडी jdadmn.cce@gmail.com पर भिजवाया जाना था।

परन्तु बडे खेद का विषय है कि उक्त तिथि तक कुल 290 राजकीय महाविद्यालयों एवं छः क्षेत्रीय कार्यालयों में से मात्र 170 राजकीय महाविद्यालयों से ही सूचना प्राप्त हुई है तथा कुछ महाविद्यालयों द्वारा सूची के साथ विभागीय जांच नहीं होने का प्रमाण पत्र भी नहीं भिजवाया गया है। आपको ज्ञातव्य हो कि सेवानिवृत्ति हेतु प्रस्ताव राज्य सरकार को छः माह पूर्व प्रेषित करने होते है। राज्य सरकार को भेजे जाने वाले प्रस्ताव देरी से भिजवाये जाने पर आप स्वंय जिम्मेदार होंगे। अगर आपके महाविद्यालय / कार्यालय से कोई भी कार्मिक सेवानिवृत्त नहीं हो रहा है फिर भी उसकी सूचना शून्य कर भिजवायें।

अतः आपकों पुनः आदेशित किया जाता है कि आपके महाविद्यालय से वर्ष 2021 में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों / कर्मचारियों (प्राचार्य सहित) की सूचना कार्मिक के सेवा रिकॉर्ड से मिलान कर तथा विभागीय जांच न होने के प्रमाण पत्र सहित दिनांक 15-07-2020 तक आवश्यक रूप से ईमेल आईडी jdadmn.cce@gmail.com पर भिजवाये। अन्यथा देरी से सूचना प्राप्त होने पर उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया जायेगा। जिसके लिए आप स्वंय जिम्मेदार होंगे।

30.6.2020
(डॉ. के0 एल0 सिराधना)
संयुक्त निदेशक (प्रशासन)
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान जयपुर।

क्रमांक : एफ26(ए / 18)प्रशा. / आकाशि / 2020 | 424 दिनांक :– 30.6.2020

प्रतिलिपि सूचनार्थ :–

1. शासन उप सचिव शिक्षा ग्रुप–3 राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय जयपुर।
2. संयुक्त निदेशक (एच0आर0डी), आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राज0, जयपुर।
3. समस्त सहायक निदेशक क्षेत्रीय, कार्यालय कॉलेज शिक्षा जोधपुर / उदयपुर / कोटा / जयपुर / बीकानेर / अजमेर।
4. प्राचार्य राजस्थान संगीत संस्थान / राजस्थान स्कुल ऑफ आर्टस् जयपुर।
5. वेबसाईट प्रभारी को साईट पर अपलोड करने हेतु

30.6.2020
(डॉ. के0एल0 सिराधना)
संयुक्त निदेशक (प्रशासन)
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान जयपुर।